>

Title: Need to undertake construction of road from Beldaur to Priyanagar in Khagaria district, Bihar under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार राज्य अंतर्गत खगड़िया जिला के बेलदौर प्रखंड में पी.एम.जी.एस.वाई. अंतर्गत जॉब संख्या. 17/8 बेलदौर से प्रियनगरा एवं जॉब संख्या - 17/10 बेलदौर से पचौट सड़क का निर्माण कार्य एजेंसी एनबीसीसी द्वारा किया जा रहा था। वर्ष 2009 के बाद मैं उक्त निर्माणाधीन सड़क का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण संवेदन द्वारा कार्य बंद कर दिया गया। बेलदौर से प्रियनगरा सड़क, प्रखंड मुख्यालय को मुख्य सड़क एनएच- 107 से जोड़ती है जो जिला मुख्यालय का संपर्क पथ है। लंबी अवधि बीतने के बाद भी उक्त सड़क का कार्य पूर्ण नहीं होने से आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

अतः उक्त सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराये या बिहार में एनबीसीसी के सेविंग फंड की राशि से निर्माण पूर्ण कराकर आम लोगों को सड़क की सुविधा उपलब्ध कराये।